समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# पाकिस्तान ने भारत को लौटाया बीएसएफ जवान, वाघा-अटारी बॉर्डर से हुई वतन वापसी।

Publisher

Published on 14 May 2025



## पाकिस्तान ने बीएसएफ के जवान पीके साहू को लौटा दिया है. वे 23 अप्रैल को गलती से बॉर्डर पार करके पाकिस्तान पहुंच गए थे.

भारत-पाकिस्तान के तनाव के बीच बीएसएफ जवान पीएके साहू की वतन वापसी हो गई है. पाकिस्तान ने उन्हें भारत को लौटा दिया है. पीके साहू 23 अप्रैल को गलती से पाकिस्तान की सीमा में चले गए थे. इसके बाद उन्हें पाकिस्तानी सेना ने गिरफ्तार कर लिया था. पीके साहू को 21 दिनों के बाद रिहा किया गया है.

बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स ने पीके साहू की वापसी को लेकर प्रेस रिलीज जारी की है. बीएसएफ ने बताया, "आज बीएसएफ के जवान कॉन्स्टेबल पूर्णम कुमार साहू अटारी-वाघा बॉर्डर से भारत आ गए हैं. पूर्णम 23 अप्रैल 2025 को ड्यूटी के दौरान गलती से पाकिस्तानी सीमा में चले गए थे." पीके साहू उस वक्त पाक सीमा में जा पहुंचे जब दोनों ही देशों के बीच के हालात बिगड़ने लगे. भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को काफी नुकसान हुआ, हालांकि इसका पीके साहू की रिहाई पर असर नहीं पड़ा.

पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं बीएसएफ जवान पीके साहू
बीएसएफ जवान पीके साहू पंजाब के फिरोजपुर बॉर्डर से पाकिस्तान की सरहद में चले गए थे. वे मूल रूप से पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं. पीके साहू की पत्नी रजनी साहू इस मामले को लेकर काफी परेशान चल रही थीं. वे पति की रिहाई के लिए चंडीगढ़ पहुंच गई थीं. उन्होंने यहां बीएसएफ के अधिकारियों से मुलाकात की थी.

भारत ने पहलगाम का ऑपरेशन सिंदूर से लिया बदला
जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की जान चली गई थी. भारत ने इसका ऑपरेशन सिंदूर के जरिए

बदला लिया. उसने पाकिस्तान और पीओके में स्थित 9 आतंकी ठिकानों को तबाह किया था. इसके बाद भारत और पाक के बीच काफी ज्यादा तनाव बढ़ गया.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.